प्रशिक्षुओं ने जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाया

हजारीबाग(बिभा): धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मुकुंदगंज, हजारीबाग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-एक एवं हरितिमा इको क्लब के तत्वावधान में विश्व जल संरक्षण दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें सहायक प्राध्यापक भी शामिल हुए। रैली में प्रतिभागियों ने जल है तो कल है, पानी बचाओ, जीवन बचाओ जैसे नारों के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सारिका कुमारी ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए प्रेरणादायक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। यदि हम आज से ही जल का संरक्षण नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक डॉ॰मोहम्मद नजीर अंसारी सर ने भी अपने संबोधन में कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना होगा कि जल का दुरुपयोग न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य के लिए भी खतरा है। छोटे-छोटे प्रयास, जैसे पानी की बबार्दी रोकना, वर्षा जल संचयन अपनाना, और दूसरों को जागरूक करना, एक बड़े बदलाव की शुरूआत बन सकते हैं। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जल संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

Press Release: Bibha.
Date: 24.03.2026.

Sarika
24/03/2026

Principal
Swami Dharmabandhu College of Education
Harhad, Mukundganj, Hazaribag

Scanned with CamScanner